दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Asli Azadi Dainik
@AsliAzadiDainik
www.asliazadi.com

# असली आज़ादी

SINCE 2005

■ वर्ष: 19, अंक: 190 ■ दमण, गुरुवार 25 अप्रैल 2024, ■ पृष्ठ: 8 ■ मूल्य: 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

## दानह भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने रांधा की चुनावी सभा में भरी हुंकार

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव के बाद सभी समस्याओं का समाधान करने का दिया है भरोसा: कला डेलकर

■ आदिवासियों को जंगल जमीन का अधिकार, स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरी में अवसर, प्रदेश की सडकों की मरम्मत, केन्द्र सरकार की ओर से लागू सभी योजनाओं का अमलीकरण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का किया वादा





असली आजादी न्यूज नेटवर्क,
सिलवासा 24 अप्रैल।

दादरा नगर हवेली की भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने आज रांधा में चुनावी सभा आयोजित कर हुंकार भरी। भाजपा उम्मीदवार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि दानह भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर के चुनाव प्रचार के लिए रांधा में सभा आयोजित की गयी थी। इस चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने कहा कि चुनाव के बाद सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को जंगल जमीन का अधिकार दिलाया जायेगा। स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरियों में अवसर दिये जायेंगे। इसके साथ ही प्रदेश की सडकों का भी मरम्मतीकरण किया जायेगा। कला डेलकर ने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से लागू विकासीय योजनाओं के अमलीकरण में स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दादरा नगर हवेली के पूर्व सांसद नटू पटेल ने भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर को रिकार्ड मतों से जीताने के लिए सभी आदिवासी मतदाताओं से अपील की। इस मौके पर अभिनव डेलकर ने भाजपा संगठन के साथ मिलजुलकर काम करने के लिए डेलकर संगठन के तमाम युवा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डेलकर संगठन का छोटा से छोटा कार्यकर्ता डेलकर परिवार का सदस्य है। आदिवासियों के मान-सम्मान को फिर से बहाल करने के लिए अभिनव डेलकर ने ऐलान किया। रांधा में आयोजित चुनावी सभा में 5 हजार से ज्यादा लोगों की उपस्थिति रही। भाजपा-डेलकर संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ जनता में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। स्वर्गीय मोहन डेलकर की लोकप्रियता आज भी दानह की जनता में कायम है। आदिवासियों के दिल में स्व. मोहन डेलकर का स्थान अमर है।

# दमण-दीव लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने दीव के वणाकबारा विस्तार में किया डोर टू डोर चुनाव प्रचार

■ भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत ■ दीव जिला भाजपा प्रमुख मोहन लकमणे, दीव नगरपालिका प्रमुख हेमलता सोलंकी, जिला पंचायत प्रमुख रामजी भीखा, भाजपा नेत्री तरुणा पटेल, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी. एम. माछी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी पारसमणी, पूजा बामणिया, बिपीन शाह, चिंतन सोलंकी, भाजपा पदाधिकारियों एवं लालू पटेल के समर्थक चुनाव प्रचार में रहे शामिल















असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 24 अप्रैल। दमण-दीव लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल का दीव जिले में चुनाव प्रचार जारी है। भाजपा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि दमण-दीव लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल का दीव जिले में लगातार डोर टू डोर चुनाव प्रचार जारी है। लालू पटेल ने आज दीव जिले के वणाकबारा मंडल में ओआईडीसी हाउसिंग विस्तार, खजुरिया शेरी, वडला शेरी, खिजारा शेरी, खारवा शेरी, मेघा वाडी, मीठी वाडी, हडमतिया वाडी, गोमती माता सोसायटी एवं फाफडी वाडी में चुनाव प्रचार किया। प्रचार के दौरान विभिन्न ग्रुप मीटिंगों में शामिल होकर भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने 7 मई को कमल के निशान का बटन दबाकर भाजपा को वोट करके भारी मतों से जीत दिलाने के लिए मतदाताओं से अपील की। आज के चुनाव प्रचार में दीव जिला भाजपा प्रमुख मोहन लकमणे, दीव नगरपालिका प्रमुख हेमलता सोलंकी, जिला पंचायत प्रमुख रामजी भीखा, भाजपा नेत्री तरुणा पटेल, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी. एम. माछी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी पारसमणी, पूजा बामणिया, बिपीन शाह, चिंतन सोलंकी, भाजपा पदाधिकारियों एवं लालू पटेल के समर्थक शामिल रहे।

# लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में जनरल ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

■ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हेतु आदर्श आचार संहिता के समुचित पालन हेतु दिए निर्देश



असली आजादी न्यूज नेटवर्क,
दीव 24 अप्रैल।

दीव में लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 के सफल आयोजन हेतु भारत निर्वाचन आयोग से दीव जिले हेतु नियुक्त जनरल ऑब्र्जवर के. एस. लता कुमारी 24/04/2024 को सुबह 11 बजे घोघला सर्किट हाउस में राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जनरल ऑब्र्जवर के. एस. लता कुमारी, अपर जिलाधीश डॉ. विवेक कुमार एवं चुनाव प्रकोष्ठ के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चुनाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि चुनाव तथा इस दौरान आदर्श आचार संहिता के समुचित पालन हेतु दीव प्रशासन द्वारा एक प्रेजेंटेशन के जरिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। जनरल ऑब्र्जवर के. एस. लता कुमारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के आयोजन हेतु निर्धारित नीति-नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधीश डॉ. विवेक कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दीव के मतदान केंद्रों की जानकारी दी। साथ उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के समुचित पालन करने, चुनाव संबंधी विधिसम्मत व्यय का उपयोग करने और अविधिसम्मत तरीके के व्यय से बचने, चुनाव के दौरान सही तरीके से प्रचार करने, चुनाव प्रचार में पर्यावरण-हितैषी साधनों का प्रयोग करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। ज्ञात हो कि दमण एवं दीव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 7 मई 2024 को लोकसभा सामान्य चुनाव हेतु मतदान का आयोजन किया जायेगा। जनरल ऑब्र्जवर के. एस. लता कुमारी ने संदेश दिया कि दीव के मतदाता 7 मई 2024 को मतदान के दिन मतदान केंद्रों में अवश्य जाएं और अपने मतदान के संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करें।

# दीव पुलिस ने चुनाव विशेष चेकिंग ड्यूटी के दौरान जप्त किये 2,14,200 रुपये की नकदी



असली आजादी न्यूज नेटवर्क,
दीव 24 अप्रैल।

दीव पुलिस ने चुनाव विशेष चेकिंग ड्यूटी के दौरान तड चेकपोस्ट से 2,14,200 रुपये की नकदी जप्त किये है। दीव पुलिस द्वारा जारी प्रेसनोट में बताया गया है कि 24/04/2024 को लगभग 11:30 बजे एलपीसी काजल बामणिया को तड चेकपोस्ट पर ड्यूटी के रूप में नियुक्त किया गया था। जिसमें सीआईएसएफ कर्मचारी, सिविल स्टाफ और उत्पाद शुल्क कर्मचारी तड चेकपोस्ट पर चुनाव विशेष चेकिंग ड्यूटी कर रहे थे। चेकपोस्ट पर नियमित जांच के दौरान गुजरात से जीएसआरटीसी बस वाहन संख्या जीजे18जेड6060 दीव से कोडिनार मार्ग पर जा रही बस को रोका गया। एलपीसी काजल बामणिया, एसएसटी टीम के कर्मचारियों के साथ बस में यात्रियों का निरीक्षण कर रही थीं, तभी उन्हें लालशापीर दरगाह निवासी इस्माइल अबूभाई खोजादा (42 वर्ष) नामक यात्री के काले रंग के हैंडल बैग में नकद रुपये मिले। नकदी की गिनती करने पर पता चला कि उक्त बैग में कुल 2,14,400 रुपये थे। ये धनराशि लोकसभा चुनाव के संबंध में रोकी जा रही है और आगे की कार्रवाई के अधीन होगी। आगे की संभाल और निपटान के लिए उन्हें एसएसटी टीम को सौंप दिया गया है।

# श्री स्वामीनारायण ज्ञानपीठ ने सुखाला गांव में 90 वर्षीय बेसहारा वृद्धा को घर बनाकर देने का लिया संकल्प, भूमिपूजन कर शुरु कराया निर्माण कार्य



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, वापी 24 अप्रैल। वलसाड जिले के कपराडा तालुक के सुखाला गांव में एक टूटी-फूटी झोपड़ी में रहने वाली एक निराश्रित 90 वर्षीय महिला और उसकी बेटी श्री स्वामीनारायण ज्ञानपीठ सलवाव यूएसए के ध्यान में यह बात आते ही कि वह बहुत कठिन परिस्थितियों में रह रही है। संगठन के संतों ने बुधवार को सुखाला गांव पहुंचकर इस बेसहारा बेटी के लिए मानसून से पहले घर तैयार करने के लिए भूमि पूजन किया। 90 साल की एक बूढ़ी महिला और उसकी बेटी कई सालों से कपराडा तालुका के सुखाला गांव में एक खेत के अंदर एक टूटी-फूटी झोपड़ी में बहुत ही दयनीय स्थिति में रह रही हैं। संगठन के अध्यक्ष शास्त्री स्वामी कपिल जीवनदास अन्य संतों के साथ सबसे पहले सुखाला पहुंचे और मां-बेटी किस स्थिति में रह रही है, यह देखने से पहले उन्होंने उसे अनाज, बर्तन और कपड़े देकर मदद करने और इस बेटी को एक आदर्श घर बनाने का संकल्प लिया था। बुधवार को पुराणी स्वामी केशव चरणदास, शास्त्री स्वामी कपिल जीवनदास, पूज्य हरिस्वामी और अन्य सेवकों के साथ वे सुखाला पहुंचे और इस निराश्रित मां-बेटी के लिए पक्का घर बनाने के लिए मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया। इतना ही नहीं भवन को बरसात से पहले तैयार करने का काम आज से शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा इसी गांव में मानसिक रूप से परेशान जीवन जी रहे एक बेसहारा मालिक को अनाज और लाइट की सुविधा दी गई। संस्था से मदद पाकर इन दोनों परिवारों के चेहरे पर खुशी की लहर देखी गई। संतों द्वारा अन्य परिवारों की मां-बेटियों को आशीर्वाद दिया गया।






# मंच पर भाषण देते समय चक्कर खाकर गिरे गडकरी

## ■ पोस्ट कर बताया... अब ठीक हूं



नागपुर (ईएमएस)। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी प्रचार अपने चरम पर है। एक ओर विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस सहित सपा व बाकी राजनीतिक दल के नेता लगातर चुनावी सभाएं कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी के भी कदावर नेताओं ने मोर्चा संभाला हुआ है। इसी क्रम में बुधवार केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता नितिन गडकरी महाराष्ट्र के यवतमाल में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। मगर वहां कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी को हैरान के साथ परेशान कर दिया। खबर है कि, मंच पर भाषण देते समय गडकरी की तबियत अचानक बिगड़ गई और वे मंच पर ही गिर पड़े। इस बीच लोगों ने उन्हें उठाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। हालांकि कुछ ही देर बाद गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट कर अपने स्वास्थ्य से जुडी जानकारी शेयर की है। उन्होंने बताया कि, ''तेज धूप और बढ़ती गर्मी के वजह से उन्हें असहज महसूस हुआ, लेकिन अब वह पूरी तरह से स्वस्थ महसूस कर रहे हैं। दरअसल, गडकरी प्रचार-प्रसार और चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए यवतमाल पहुंचे थे। जहां उन्होंने चुनावी जनसभा में मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करना शुरू किया। तभी भाषण के बीच में अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और वे मंच पर ही चक्कर खा कर गिर गए। गनीमत ये रही कि उन्हें कोई चोट नहीं लगी। जिसके बाद आस-पास मौजूद लोगों ने उन्हें सँभालते हुए इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है।

# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान वाली सीटों पर प्रचार थमा

## ■ 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को होगा मतदान ■ राहुल गांधी, भूपेश बघेल, समेत कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग वाली 88 सीटों पर चुनाव प्रचार बुधवार शाम थम गया। ये सीटें एमपी, यूपी, बिहार, राजस्थान सहित 13 राज्यों में हैं। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। दूसरे चरण में असम की 05, बिहार की 05, छत्तीसगढ़ की 03, जम्मू-कश्मीर की 01, कर्नाटक की 14, केरल की 20, मध्य प्रदेश की 06, महाराष्ट्र की 08, राजस्थान की 13, त्रिपुरा की 01, उत्तर प्रदेश की 08 और पश्चिम बंगाल की 03 सीटों पर पर मतदान होना है। दूसरे चरण के चुनाव में जो उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं उनमें राहुल गांधी, अरुण गोविल, हेमा मालिनी, शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं। केरल के वायनाड से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी उम्मीदवार हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के मथुरा से हेमा मालिनी भाजपा की प्रत्याशी हैं। रामायण सीरियल में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल मेरठ से भाजपा उम्मीदवार हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ रहे है। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस नेता शशि थरूर से है। जम्मू लोकसभा सीट पर भाजपा के जुगल किशोर व कांग्रेस के रमन भल्ला हैं।

दूसरे चरण की 88 लोकसभा सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर इसी चरण में मतदान होना है। इसके अलावा 26 अप्रैल को ही कर्नाटक की 14 व राजस्थान की 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों की 88 लोकसभा सीटों में केरल में लगभग 500 प्रत्याशियों ने चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। नाम वापसी के उपरांत यहां 20 सीटों पर 194 प्रत्याशी शेष रह गए हैं।

# नदी किनारे कपड़े धो रहे युवक को मगरमच्छ खींच ले गया, नदी से बरामद हुआ शव

वडोदरा (ईएमएस)। वडोदरा के निकट ओरसंग नदी के किनारे कपड़े धो रहे एक युवक को मगरमच्छ खींच ले गया। घटनास्थल पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने नदी में युवक की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद दमकल के जवानों को युवक का शव हाथ लगा। चाणोद पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक बोटाद के पीपळिया के मूल निवासी मेहुल विरमभाई धरागिया नामक युवक वडोदरा के निकट ओरसंग नदी के किनारे कपड़ा धो रहा था। उस वक्त अचानक नदी से बाहर आए मगरमच्छ मेहुल धरागिया को पानी में खींच ले गया। घटना को लेकर चीख-पुकार मच गई और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंची दमकल की टीम ने नदी में युवक की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बरामद हुआ। घटना को लेकर चाणोद पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू की है। गौरतलब है वडोदरा और आसपास के इलाकों के जलाशयों में बड़ी संख्या में मगरमच्छ रहते हैं। बरसात के दिनों में तो मगरमच्छ रिहायशी इलाकों में घूमते नजर आते हैं। अन्य मौसम में शायद ही ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। वडोदरा के आसपास से गुजरने वाली उन नदियों में मगरमच्छों की उपस्थिति दिखाई देती है। प्रशासन चेतावनी बोर्ड लगाकर संतोष मान लेता है। कई बार मगरमच्छ और इंसान का सामना हो जाता है और अप्रिय घटना घट जाती है।

# आईस्क्रीम लेने गई 14 साल की किशोरी से पार्लर संचालक ने की छेड़छाड़, जांच में जुटी पुलिस

अहमदाबाद (ईएमएस)। शहर के सायंस सिटी क्षेत्र के डिवाइन रोड स्थित पार्लर पर आईस्क्रीम लेने गई एक 14 साल की किशोरी के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। किशोरी से छेड़छाड़ किसी और ने नहीं बल्कि पार्लर के संचालक ने की। मामला थाने पहुंचने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर फरार पार्लर संचालक की तलाश तेज की है। रविवार की इस घटना की जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद के सायंस सिटी क्षेत्र निवासी व्यापारी अपने पत्नी और संतानों के साथ घर था। देर शाम के वक्त व्यापारी के 14 वर्षीय बेटी सायंस सिटी के निकट डिवाइन रोड स्थित निजी पार्लर पर आईस्क्रीम लेने गई थी। पार्लर पहुंचकर किशोरी ने काउंटर पर बैठे अधेड़ से आईस्क्रीम मांगी। पार्लर के अधेड़ संचालक ने पहले किशोरी के गाल पकड़ लिए। अधेड़ की हरकत देख किशोरी डर गई और वहां से जैसे भागने लगी तो पार्लर संचालक ने उसे बाहों में भर लिया। किसी प्रकार उसके चंगुल से छूटकर रोते हुए किशोरी अपने घर पहुंची और माता-पिता से पार्लर संचालक की हरकतों की शिकायत कर दी। जिसके बाद किशोरी के माता-पिता तुरंत बोडकदेव पुलिस थाने पहुंच गए और किरण पटेल नामक पार्लर संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर किरण पटेल के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की दिशा में कवायद तेज की है।

# 2017 से लापता व्यक्ति का मिली अस्थियां, नाजायज संबंधों को लेकर साढ़े छह साल पहले हत्या की गई थी

पोरबंदर (ईएमएस)। पोरबंदर की पुलिस ने 2017 से लापता व्यक्ति की अस्थियां मिलने के बाद इस मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने नाजायज संबंधों के चलते लापता व्यक्ति की साढ़े छह साल पहले ही हत्या कर दी थी और उसका शव जमीन में दफना दिया था। पुलिस ने अस्थियां बरामद कर डीएनए कराने समेत आगे की कार्यवाही शुरू की है। जानकारी के मुताबिक पोरबंदर जिले के राणावडवाला गांव निवासी 38 वर्षीय परबत सेजा कोडियातर नामक दिसंबर 2017 से लापता था। परबत कोडियातर के लापता होने के बारे में उस वक्त राणावाव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि 2017 से लापता परबत कोडियातर की हत्या कर दी है और इस घटना को अंजाम उसी गांव में रहनेवाले भीखा सेजा उलवा नामक शख्स ने की है। जिसके आधार पर पुलिस ने भीखा उलवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुआत में भीखा ने ना नुकूर की, परंतु पुलिस की सख्ती के आगे वह टूट गया और परबत कोडियातर की हत्या की बात कबूल कर ली। भीखा ने बताया कि उसके परबत की पत्नी के साथ नाजायज संबंध थे। जिसमें सबसे बड़ी बाधा परबत कोडियातर था। इसलिए परबत की गला घोंटकर हत्या कर दी और उसका शव गांव के तालाब के निकट गड्ढा खोदकर दफना दिया। इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी द्वारा बताई गई जगह पर जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाया। जहां से पुलिस को परबत कोडियातर की 100 जितनी अस्थियां मिली। पुलिस ने अस्थियों का डीएनए रिपोर्ट समेत आगे की कार्यवाही शुरू की है।












स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)